



# जिले की सड़कों पर शीघ्र दौड़ेगी डायल 112

## जिले को मिली 24 नई एफआरवी 112 डॉयल की खेप पहुंची, फीचर अपडेट होने के बाद मिलेगी हरी झंडी



**सीहोर.** पुलिस लाईन मंडी के मैदान में खड़ी नई एफआरवी 112 डायल शीघ्र ही सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी.

- छह स्कार्पियो नगरों के लिए व बुलेरो अंचल में रहेंगी मौजूद
- 100 डायल वाहनों की पूर्व में संख्या थी 20 अब होगी 24

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 21 अगस्त. राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त से पुलिस की इमरजेंसी सेवा में बदलाव हो गया है. आमजनों की सुरक्षा में तैनात यह सेवा डॉयल 100 की जगह डॉयल 112 के नाम से जानी जा रही है. नाम बदलने के साथ वाहनों में भी बदलाव किया गया है साथ ही जिले में इनकी संख्याओं में इजाफा हुआ है. 20 से बढक़र यह एफआरबी वाहन 24 हो गए हैं. इसमें खास बात यह है कि पहले पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले को पांच वाहन ही उपलब्ध कराए जा रहे थे, लेकिन अब रिप्लेस किए जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाकर 20 से अधिक कर दी है. यह सभी हाईटेक नए वाहन मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आकर खड़े हो गए हैं.**

गौरतलब है कि 15 अगस्त से प्रदेश भर में डॉयल 100 सेवा में बदलाव किया गया है. यह सेवा डॉयल 112 के रूप में जानी जा रही है. जिले में भी इस सेवा में विस्तार के साथ बदलाव हो रहा है. सुविधाओं से लैस नए वाहन मिल चुके हैं. इन वाहनों में वायरलेस सिस्टम, बीकन लाइट, मोबाइल डेटा टर्मिनल, डैशबोर्ड कैमरा, बॉडी वॉर्न कैमरा, टूल किट और स्ट्रेचर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं.

डायल 112 सेवा का सबसे बड़ा फायदा रिस्पॉन्स टाइम में होने वाला सुधार है. शहरी क्षेत्र अंचल में यह सेवा कम समय में निर्धारित पाइंटों पर पहुंच जाएगी. जैसे कि शहरी क्षेत्र में रिस्पांस समय 20-25 मिनट से घटकर 15-20 हो जाएगा, जबकि अंचल में भी 30 मिनट से घटकर 20-25 मिनट हो जाएगा. इससे आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता मिल सकेगी. शहरी क्षेत्रों में स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो नियो प्लस जैसी गाडियां चलाई जाएंगी, जो गांव के दुर्गम रास्तों से निकलकर आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सकेंगी.

गौरतलब है कि सीहोर जिला मुख्यालय को पहले पांच नए वाहन ही पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे थे, लेकिन अब नए वाहनों की संख्या में इजाफा हो गया है. बताया जा रहा है कि जिले में 24 नए हाईटेक वाहन दिए गए हैं. इनके फीचर अपडेट होने के बाद इन्हें शीघ्र ही जिले के विभिन्न पाईंट पर ड्यूटी के लिए भेजा जाएगा.

### जिले में अब तक डॉयल 100 के यह थे पाइंट

जिले में अब तक एफआरवी 100 डॉयल के जो पाईंट निर्धारित थे उसी हिसाब से अब डायल 112 मौजूद रहेंगी

- एसएचआर-1- अहमदपुर - चरनाल जोड़
- एसएचआर-2-पार्वती - चौपाटी
- एसएचआर-3- आष्टा - भोपाल नाका
- एसएचआर-4- दोराहा - कस्बा मेन रोड
- एसएचआर-5- श्यामपुर - श्यामपुर
- एसएचआर-6-इछावर - दिवडिया जोड़
- एसएचआर-7- बिलकिसगंज - बिलकिसगंज जोड़
- एसएचआर-8-जावर- जावर जोड़
- एसएचआर-9- नसरुल्लागंज- छिंदगांव मौजी
- एसएचआर-10- गोपालपुर - इटारसी जोड़
- एसएचआर-11- रेहटी - माली बायां
- एसएचआर-12- बुदनी - रेहटी तिराहा
- एसएचआर-13- शाहगंज - शाहगंज चौराहा
- एसएचआर- 14- शाहगंज -बकतरा बाजार
- एसएचआर-15- सिद्दीकगंज- खाचरोद
- एसएचआर-16- मण्डी -रेस्ट हाउस तिराहा
- एसएचआर-17-कोतवाली-हाउसिंग बोर्ड
- एसएचआर-18- कोतवाली-तहसील चौराहा
- एसएचआर-19-मण्डी -सोया चौपाल
- एसएचआर-20- बुदनी-मिडघाट

# प्लॉट आवंटन के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत

- जावर की पुनर्वास कालोनी में हो रहा था प्लाट आवंटन
- पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**जावर 21 अगस्त.** जलाशय निर्माण के समय विस्थापित हुए परिवारों को पुर्नवास के लिए भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया के दौरान जिले के आष्टा क्षेत्र के ग्राम केशोपुर में दो पक्ष आपस में भिड गए. यहां लोगों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की. दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना जावर में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने दोनों ही पक्षों के चार-चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

गौरतलब है कि जिले के आष्टा क्षेत्र के ग्राम केशोपुर में कन्याखेडी जलाशय निर्माण के दौरान कई ग्रामीणों की जमीनें डूब प्रभावित क्षेत्र में आ गईं. इन विस्थापित परिवारों को पुर्नवास के लिए राजस्व विभाग द्वारा प्लाट आवंटन की प्रक्रिया के लिए बुलाया गया था, लेकिन ग्रामीणों की आपस में सहमति नहीं बनी और ग्रामीण राजस्व अधिकारियों और पुलिस के सामने ही आपस में लड़ने लगे. देखते ही देखते झगड़ा और भी ज्यादा बढ़ गया, यहां पर लोग एक दूसरे पर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे. जिससे अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई. आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है. आगामी दिनों में लाटरी सिस्टम से प्लाट आवंटित किए जाएंगे.

# दो नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 21 अगस्त.** स्थानीय पुलिस ने अपहरण के दो मामलों में दो नाबलिग बालिकाओं को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया. वहीं आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 13 अगस्त को फरियादी पिता ने थाने में अपनी नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने मुखबिर सूचना पर नाबालिग को बाईपास चौपाटी से बरामद कर आरोपी रवि भिलाला पिता चंद्रप्रकाश भिलाला निवासी ग्राम मताना जिला शाजापुर को गिरफ्तार कर लिया. इसी प्रकार एक अन्य मामले में 27 जून को फरियादी ने बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने जांच शुरू की. पुलिस के लगातार दबाव के चलते आरोपी राजू मालवीय पिता चैन सिंह उर्फ नर्बत सिंह मालवीय निवासी ग्राम रोलाखेड़ी, जिला शाजापुर ने थाने में आकर समर्पण कर दिया. जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया.

# भारतीय की पुण्य तिथि पर होगी काव्य संगोष्ठी

**सीहोर.** मूर्धन्य पत्रकार और साहित्य मनीषी स्व. अंबादत्त भारतीय की 12 वीं पुण्य तिथि 23 अगस्त को मनाई जाएगी. इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. अभा साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने बताया कि स्व. भारतीय को श्रद्धांजलि देने काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया है. प्रबुद्ध नागरिकों से काव्य संगोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील की है.

## एक नजर में



### आगामी त्यौहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**आष्टा.** जनपद पंचायत में वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पुलिस एवं प्रशासन की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सकल हिंदू समाज अध्यक्ष, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सहित नगर के विभिन्न नागरिक उपस्थित थे. बैठक में एसडीएम नितिन कुमार टाले व एसडीओपी आकाश अमलकर ने कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. आगामी त्यौहारों को भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनाने पर चर्चा की गई. अधिकारियों ने कहा कि नगर की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए सभी समाज मिलजुलकर उत्सव मनाएं और किसी भी अफवाह या विवाद से बचें. साथ ही सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, झांकियों के मार्ग निर्धारण और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. बैठक में उपस्थितजनों भी प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया.



### मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का ही करें उपयोग : कलेक्टर

**सीहोर.** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरुक करने के उददेश्य से कलेक्टर बालागुरू के ने नागरिकों से अपील की है कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव तथा महालक्ष्मी की मिट्टी से बनी प्रतिमा का उपयोग करें. उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं मिट्टी में ही समाहित हो जाती हैं. इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता. मिट्टी की प्रतिमाएं पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाती हैं. जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती है. प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है.



### चौरसिया समाज सांस्कृतिक गतिविधियों का अभिन्न अंग

**आष्टा.** चौरसिया समाज के युवा अध्यक्ष बनने पर बंटी चौरसिया को बधाई देते हुए उनका सम्मान किया गया. पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार के नेतृत्व में बंटी चौरसिया एवं उनके पिता मनोहरलाल चौरसिया, अजीत जैन, पल्लव प्रगति, युवा अभियंता शुभम शर्मा, राज परमार आदि द्वारा बंटी चौरसिया का सम्मान किया गया. इस मौके पर श्री परमार ने कहा कि बंटी चौरसिया ने अपने समाज को शिक्षित और सनातन समाज की प्रगतिशील मान्यताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने के साथ ही प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया है. समाज को प्रगतिशीलता की ओर उन्मुख करते रहने के लिए युवा बंटी चौरसिया को समाज की युवा विंग का अध्यक्ष बनाया गया वो विनम्र और सक्रिय युवा हैं.

# आज जन समस्याएं सुनेंगे राजस्व मंत्री

**इछावर.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 22 अगस्त को अनेक ग्रामों मे जनसुनवाई आयोजित करेंगे. जनसुनवाई में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ग्रामवासियों की जन समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण भी करेंगे. राजस्व मंत्री श्री वर्मा प्रात: 11 बजे ग्राम चितावलिया हेमा पहुंचेंगे और जन समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे. वे प्रात: 11.15 बजे ग्राम चितावलिया लाखा, 11:30 बजे चितावलिया जाट, 11:40 बजे ग्राम पचपिपलिया, दोपहर 12:10 बजे ग्राम मुस्करा, 1 बजे ग्राम मोगराराम, 1:30 बजे ग्राम नरसिंहखेड़ा, 2:15 बजे ग्राम सिराड़ी, 3 बजे ग्राम कुण्डीखाल, 03:30 बजे ग्राम लालियाखेड़ी, शाम 04 बजे ग्राम कोलूखेड़ी, शाम 04:30 बजे ग्राम रामगढ़ पहुंचेंगे और जनसमस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे.

# धर्मांतरण के आरोपी जब्बार की पत्नी की जमानत याचिका भी खारिज

- धर्मांतरण के मामले में जेल में बंद है आरोपी जब्बार खान
- आरोपी की पत्नी ताहिरा खान ने अग्रिम जमानत मांगी थी

**नवभारत ब्यूरो.**

**सीहोर 21 अगस्त.** धर्मांतरण मामले के मुख्य आरोपी जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा को न्यायालय से भी राहत नहीं मिली है.

गुरुवार को जेएमएफसी कोर्ट ने जब्बार खान की जमानत याचिका खारिज कर दी. यानी कि अभी जब्बार को जेल में ही रहना पड़ेगा. वहीं उसकी पत्नी ताहिरा खान ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर करवाई थी. लेकिन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हेमंत जोशी की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि वर्तमान अपराध में अभियोजन की ओर से दिए गए तर्क और अभी तक एकत्र सामग्री के प्रकाश में अपराध दस वर्ष तक के कारावास से दण्डनीय होने वाला प्रकट किया गया है, साथ ही आवेदन का कोई निश्चित पता ज्ञान नहीं होने, उसके द्वारा अनुसंधान में सहयोग नहीं कर फरार होने की स्थिति भी प्रकट की गई है. तब अनुसंधान में अभी तक एकत्र समस्त सामग्री, प्रकट तथ्यों को विचार में लेते हुए गुण-दोषों पर कोई टिप्पणी किए बिना आवेदक-अभियुक्त ताहिरा खान को अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं है.

गौरतलब कि 17 अगस्त को हिंदू संगठन ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक मकान में जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा खान द्वारा धर्मांतरण के लिए लोगों पर दबाव बनाने की शिकायत की थी. जिसके बाद पुलिस ने मौके



पर पहुंचकर जब्बार खान को गिरफ्तार किया था.

धर्मांतरण के मामले में आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. ऐसे में जेएमएफसी कोर्ट में जब्बार खान की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. अभियोजन की ओर से आपत्ति दर्ज किए जाने के बाद जेएमएफसी न्यायालय ने आरोपी जब्बार की जमानत याचिका खारिज कर दी. जब्बार की पत्नी ताहिरा की भी अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हेमंत जोशी की अदालत में ने ताहिरा खान की भी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक आरक्षक वीरेंद्र अहिरवार के खिलाफ भी धर्मांतरण के लिए धमकाने की शिकायत की थी. पुलिस ने वीरेंद्र अहिवार को निलंबित कर दिया है. इसके अलावा वीरेंद्र के खिलाफ विभागीय जांच भी चलाई जाएगी.

### स्कूल संचालक ने कोतवाली में दिया शिकायती आवेदन

इस मामले में अब सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियों का दौर शुरू हो गया है. फेसबुक और व्हाटसअप पर शहर के कुछ स्कूल और स्कूल संचालकों को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की जा रही हैं. जिसके बाद निजी स्कूल संचालक जॉली कुरियन ने एसपी दीपक कुमार शुक्ला से मुलाकात कर इस संबंध में संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोतवाली पहुंचकर आवेदन भी दिया। बता दें कि सोशल मीडिया पर कुछ युवाओं ने धर्मांतरण के मामले में निजी स्कूल को टार्गेट बनाते हुए पोस्टें शेयर की थीं। उसमें स्कूल संचालक पर धर्मांतरण के आरोपी को संरक्षण देने और जमानत के लिए वकील तैयार करने की बातें भी कहीं थी। जिसके बाद स्कूल संचालक ने इस संबंध में आवेदन पत्र कोतवाली में दिया है. थाना प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे कार्रवाई की जाएगी.

# कार्यशाला में सीखेंगे मिट्टी की प्रतिमा बनाना

**नवभारत न्यूज**

सीहोर 21 अगस्त. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला दो दिन के लिए चाणक्यपुरी स्थित मिनी शिर्डी धाम में आयोजित होगी. इसमें प्रतिभागी अपने हाथों से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाकर घर भी ले जा सकेंगे.

गोविंद नेत्रालय एवं ब्लू बर्ड स्कूल के सौजन्य से मिनी शिर्डी धाम चाणक्यपुरी पर 25 एवं 26 अगस्त शाम 6 बजे से पूर्णत: नि:शुल्क दो दिवसीय इको फ्रेंडली गणेश बनाना सिखाया जाएगा. आयोजन का यह ग्यारवां साल है. समिति का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना और कला से जोड़ना है. कार्यशाला में मिट्टी भी संस्था द्वारा नि:शुल्क दी जाएगी. इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन के लिए मंदिर के पुजारी से संपर्क कर अपना नाम लिखवा सकते हैं.

आयोजक ब्लू बर्ड स्कूल के संचालक बसंत दसवानी ने बताया कि यह कार्यशाला पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है. कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना है. आम तौर पर घर में स्थापित करने वाले गणेश भगवान की प्रतिमा पीओपी की मिलती हैं. मिट्टी की मूर्तियां महंगी होती हैं. जबकि मिट्टी की प्रतिमा यदि खुद श्रद्धालुओं के द्वारा बनाई जाएंगी तो उसमें ज्यादा अर्थ नहीं लगेगा.

# सूने मकान से लाखों के आभूषण और नगदी ले उड़े चोर

- गांधी चौक स्थित सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना
- फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्कावड भी मौक पर पहुंचा

**नवभारत ब्यूरो.**

**भैरूंदा 21 अगस्त.** पत्नि के मायके जाने के बाद जब पति अपने मकान में ताला लगाकर दूसरे मकान में माता-पिता के साथ रहने गया. तो सूने मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया और लाखों के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर गए.

नगर के गांधी चौक स्थित छोटा बाजार क्षेत्र में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान पर



धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर रफचक्कर हो गए. वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गोपेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं और वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ दूसरे मकान में रह रहे थे. इस दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोला. चोरों ने घर के कमरों का ताला तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया और करीब दो लाख रुपए की संपत्ति लेकर फरार हो गए. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना किया. इसके अलावा जिला मुख्यालय से आई फिंगरप्रिंट और डॉग स्क्वाड टीम की मदद से सुराग जुटाने की कोशिश की गई. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व जांच जारी है. गौरतलब है कि नगर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं. चोर सुने मकानों को निशाना बना चोरी की घटना का अंजाम देते हैं.

**कार्रवाई** ▶ भाई का बचाने पहुंचे युवक पर किया था प्राणघातक हमला

# जानलेवा हमला करने का आरोपी धराया

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 21 अगस्त.** रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को मंडी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मूड़लाकला निवासी फरियादी असलम खान पिता काले खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि में जब वह अपने भाई अफसर खान के साथ रोड़ से होता हुआ घर जा रहा था तभी नान्टी उर्फ शाहिद खान आया और मुझसे पैसे मांगने लगा. मैंने कहा कौन से पैसे तो उसने गाली-गलौच करनी शुरू कर दी. उसे गालियां देने से मना किया तो शाहिद उर्फ नान्टी ने



चाकू से मुझ पर हमला कर दिया. जिससे मेरे खून निकल आया और धक्का देकर मुझे जमीन पर गिरा दिया. जब भाई अफसर खान मुझे बचाने लगा तो नान्टी उर्फ शाहिद खान ने जान से मारने की नियत से मेरे भाई अफसर खान के पेट में दो बार चाकू मारा. मौके से शाहिद उर्फ नान्टी खान भाग गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी सुनील मेहर व टीम ने आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है.

# फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल आज

सीहोर. शहर के चर्च मैदान पर प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. गुरुवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले सीहोर ने मंडला को एक तरफा मुकाबले में 2-0 से हराया और अपना स्थान प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया. इधर दूसरा सेमीफाइनल इंदौर-धार के मध्य खेला गया. जिसमें धार ने इंदौर को अतिरिक्त समय पेनल्टी किक के द्वारा 3-1 से विजय प्राप्त की. अंतिम समय तक दोनों ही टीम में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. फाइनल मैच 3 बजे से सीहोर व धार के मध्य खेला जाएगा.

# 24 घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 21 अगस्त .** थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमावार घाट पर बुधवार सुबह हुई नाव दुर्घटना में नर्मदा नदी में लापता हुए मजदूर का शव आखिरकार बरामद कर लिया गया. एसडीआरफ की टीम और भैरुंदा पुलिस कल से सर्च अभियान चला रही थी. गुरुवार को बड़गांव के पास नर्मदा नदी से शव बाहर निकाला गया.

पुलिस ने मृतक की पहचान नंदजी गौंड पिता बासरूपन गौंड उम्र 45 वर्ष निवासी नियाजीपुर थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार के रूप में की है. नंदजी मजदूरी करने के लिए डिमावार आए हुए थे. हादसा उस समय हुआ जब रेत निकालने वाली नावें आपस में टकरा गई. हादसे के दौरान नाव में लगे इंजन की पंखुड़ी से टकराकर नंदजी गहरे पानी में गिर गए. साथ में मौजूद अन्य लोग किसी तरह बच गए. लेकिन नंदजी नदी की तेज धार में बह गए थे.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरफ की टीम को बुलाया गया. अशोक पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को डिमावार घाट से नीलकंठ घाट तक लगातार सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिली. रात में पानी का बहाव तेज होने के कारण अभियान रोकना पड़ा. गुरुवार सुबह से शुरू हुई तलाश के बाद आखिरकार बड़गांव के पास शव बरामद किया गया.

रेस्क्यू आपरेशन के दौरान मौके पर भैरूंदा एसडीओपी रोशन जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, एसडीआरफ अधिकारी अशोक पाटीदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा.